विद्याभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – षष्ठ                    दिनांक -04 – 09 - 2021

विषय -हिन्दी                    विषय शिक्षक -पंकज कुमार

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज शब्द विचार के बारे में पुनः अध्ययन करेंगे।

## शब्द किसे कहते हैं?

"एक से अधिक ध्वनियों (वर्णों) के मेल से बने सार्थक ध्वनि-समूह (वर्ण समुदाय) को शब्द कहते हैं, जैसे-फूल, लड़का आदि।"

# शब्दों का वर्गीकरण

शब्दों के चार भेद होते हैं-

1. प्रयोग के आधार पर
2. बनावट या रचना के आधार पर
3. अर्थ के आधार पर
4. उत्पत्ति एवं श्रोत के आधार पर

---

# प्रयोग के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण

प्रयोग के आधार पर शब्दों के दो भेद होते हैं-

## 1. विकारी शब्द -

वाक्यों में प्रयोग में प्रयोग करते समय लिंग, कारक और वचन आदि के अनुसार जिन शब्दों के रूप में परिवर्तन हो जाता है, उन्हें विकारी शब्द कहते हैं।     जैसे-

लिंग: लड़का खेलता है। = लड़की खेलती है।

कारक: लड़का खेलता है। = लडके को खेलने दो।

वचन: लड़का खेलता है। = लडके खेलते हैं।

विकारी शब्द चार प्रकार के होते हैं।

1. संज्ञा
2. सर्वनाम
3. विशेषण
4. क्रिया